
## मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

# ई.व्ही.एम. संचालन प्रशिक्षण

# ई.व्ही.एम. को जाने.

# ई.व्ही.एम. की संरचना


Interconnecting Cable




Control Unit


Ballot Unit

# कंट्रोल यूनिट




ON Lamp
Display Section
Busy Lamp
Candidate Set Section
Result Section
Total Button
Ballot Button
Ballot Section
On
Busy
SEC - MADHYA PRADESH
मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग
Total
Ballot
Control Unit


# कंट्रोल यूनिट – कैंडिडेट सेट खण्ड



# कंट्रोल यूनिट – रिजल्ट सेक्शन



# कंट्रोल यूनिट – बैलेट सेक्शन





Total button

Ballot button

# कंट्रोल यूनिट– पृष्ठ भाग



# बैलेट यूनिट




Ready Lamp


Slide Switch Window

Candidate's Button

Candidate's Lamp


Ballot Paper Screen

# बैलेट यूनिट– आंतरिक संरचना




# डिटैचेबल मेमोरी मॉड्यूल (डी.एम.एम.)


डी.एम.एम. के निचले हिस्से का दृश्य



डी.एम.एम. के ऊपरी हिस्से का दृश्य





कंट्रोल यूनिट में डी.एम.एम. को रखने की तरीका




डी.एम.एम. रखने की जगह

# पावर पैक


पॉवर पैक की ऊपरी सतह
TOP SIDE
OK / QC
Sl.No. : 116478
Date of Mfg. : November 2011
Date of Exp. : October 2013
Date of Use. :
PRESS TO INSERT
DO NOT REMOVE FACTORY SEAL
INSERT THIS WAY INTO THE BATTERY COMPARTMENT
सॉकेट


# कन्ट्रोल यूनिट– परीक्षण करें

1. पॉवर बटन.
2. कनेक्टिंग फीमेल सॉकेट.
3. डी.एम.एम.
4. पॉवर पैक.
5. बिजी लैम्प.
6. रैडी लैम्प.
7. कैन्डसेट बटन.
8. क्लोज बटन.
9. रिजल्ट बटन.
10. क्लियर बटन.
11. ग्रीन पेपर सील फ्रेम.
12. टोटल बटन.
13. बैलेट बटन.
14. इन्टर कनेक्टिंग कैबल का 09 पिन मेल कनेक्टर.

# बैलेट यूनिट – परीक्षण करें


1. स्लाईड स्विच.
2. रेडी लैम्प
3. एण्ड बटन.
4. बैलेट पेपर स्क्रीन.
5. मास्किंग टैब.
6. उम्मीदवार बटन.
7. थ्रेड सीलिंग गाईड.
8. कनेक्टिंग फीमेल सॉकेट.
9. इन्टर कनेक्टिंग कैबल का 09 पिन मेल कनेक्टर.

# सील


बैंगनी सील (CU)
CU
ABCD ऑऊटर
स्ट्रिप सील (CU)
SEC/STP/A/ 484728
M P STATE
ग्रीनपेपर
सील(CU)
भूरी
सील (BU)
BU

# टैग

एड्रेस टैग



**एड्रेस टेग**

नगरीय निकाय/त्रि-स्तरीय पंचायत........................

निर्वाचन क्षेत्र.................................... के लिये

बैलट यूनिट/कंट्रोल यूनिट संख्यांक......................

डी.एम.एम. संख्यांक......................

मतदान केन्द्र का क्रमांक व नाम..........................

.................................................................

मतदान की तारीख...............

SEC/AT/A/ 4870550

रिटर्निंग अधिकारी के हस्ताक्षर

शाकेमुभो-159-उसरानिआभो-12-6-14-36 लाख.

स्पेशल टैग (CU)



सील

कन्ट्रोल यूनिट नं..............

SEC/ST/A/ 623200

# ई.व्ही.एम.
# व्यवहारिक प्रशिक्षण

## रिटर्निंग ऑफिसर के लिए

# दो पद

1. जिला पंचायत सदस्य
2. जनपद पंचायत सदस्य

# वार्ड क्र. – .....

# मतदान केन्द्र क्र. – .....

**वार्ड क्रमांक 02 अंकों में और मतदान केन्द्र क्रमांक 04 अंकों में हो सकता है.**

# अभ्यर्थियों की संख्या

1. जि.पं. सदस्य– ..... +1 (नोटा)
2. ज.पं. सदस्य – ..... +1 (नोटा)

**अभ्यर्थियों की संख्या निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या +1 (नोटा) के बराबर होगी.**

# कमीशनिंग

## ई.व्ही.एम. को चुनाव के लिए तैयार करना

# स्टेप 1

## प्रथम बैलेट यूनिट

- पहली बैलेट यूनिट का कवर खोलें एवं स्लाईड स्विच को 1 पर सेट करें. यह बैलेट यूनिट जिला पंचायत सदस्य पद के लिए उपयोग में लाई जायेगी.
- बैलेट स्क्रीन कवर खोलकर मतपत्र लगायें और विहित प्रक्रियानुसार सील करें.
- बैलेट यूनिट के कम से कम 10 अथवा अभ्यर्थियों की संख्या के बराबर बटन ओपन करें.
- बैलेट यूनिट का 16वां END बटन ओपन करें.
- अब बैलेट यूनिट के कवर को बन्द कर दें.

<u>स्टेप 2</u>

# द्वितीय बैलेट यूनिट

- द्वितीय बैलेट यूनिट का कवर खोलें एवं स्लाईड स्विच को 2 पर सेट करें. यह बैलेट यूनिट जनपद पंचायत सदस्य के लिए उपयोग में लाई जायेगी.
- बैलेट स्क्रीन कवर खोलकर मतपत्र लगायें और विहित प्रक्रियानुसार सील करें.
- बैलेट यूनिट में अभ्यर्थियों की संख्या के बराबर बटन ओपन करें.
- **बैलेट यूनिट का 16वां END बटन नहीं खोलें.**
- अब बैलेट यूनिट के कवर को बन्द कर दें.

**स्टेप 3**

# कंट्रोल यूनिट

- कंट्रोल यूनिट के साथ प्रथम बैलेट को कनेक्ट करें.
- प्रथम बैलेट यूनिट के साथ द्वितीय बैलेट यूनिट को कनेक्ट करें.
- कंट्रोल यूनिट का पॉवर स्विच ऑन करें.

# स्टेप 4

# C-R-C

- कंट्रोल यूनिट के रिजल्ट सेक्शन को खोलें.
- **Close** बटन दबायें और **Poll Closed** डिस्प्ले की प्रतीक्षा करें.
- अब **Result-1** बटन दबायें और **END** डिस्प्ले की प्रतीक्षा करें.
- अब **Clear** बटन दबायें और **END** डिस्प्ले की प्रतीक्षा करें.

# <u>अतिरिक्त स्टेप–4</u>

**आवश्यकतानुसार** **Memory Changed**

**Clear-** Invalid Operation- **Cand.Set**

- यदि Memory Changed डिस्प्ले आता है तो **क्लियर बटन** दबाएं रखें फिर Invalid Operation डिस्प्ले दिखाई देने पर **केन्ड सेट बटन** भी साथ में करीब 10 सेकन्ड तक दबाए रखें. डिलीशन की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी.
- डिलीशन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद **पावर बटन** ऑफ कर फिर से ऑन करें.

**नोट – यदि डी.एम.एम./CU में डाटा नहीं है तो क्लियर बटन 10 सेकन्ड तक दबाने पर invalid operation डिस्प्ले नहीं दिखाई देगा और डिलीशन की कार्यवाही सीधे प्रारंभ हो जाएगी.**

स्टेप 5

# Candidate Setting

- कंट्रोल यूनिट के केन्डीडेट सेक्शन को खोलें.
- **Cand.Set** बटन को दबायें.
- अब प्रथम बैलेट यूनिट से जानकारियाँ फीड करना प्रारम्भ करें.

# स्टेप 6

# वार्ड नम्बर एवं मतदान केन्द्र की जानकारी

- प्रथम बैलेट यूनिट से वार्ड नम्बर फीड करें और END बटन से सुरक्षित करें.
- अब प्रथम बैलेट यूनिट से मतदान केन्द्र क्रमांक फीड करें और END बटन से सुरक्षित करें.
- **END बटन का उपयोग अब समाप्त हो गया है.**

**वार्ड नंबर के अंतर्गत उस जनपद क्षेत्र का क्रमांक प्रविष्ट किया जाए, जिसमें संबंधित मतदान केन्द्र आता है.**

स्टेप 7

# प्रथम पद के अभ्यर्थियों की संख्या की सेटिंग

- प्रथम बैलेट यूनिट से पोस्ट संख्या (2) फीड करें.
- अब प्रथम पद के प्रथम अभ्यर्थी का क्रमांक (अर्थात् 1) फीड करें.
- अब प्रथम पद के अंतिम अभ्यर्थी का क्रमांक फीड करें.
- अब सीट संख्या (1) फीड करें.
- अब प्रथम बैलेट यूनिट का प्रयोग समाप्त हो गया है.
- प्रथम बैलेट यूनिट का कवर खोलकर अब उम्मीदवारों की संख्या के बराबर के बटन को छोड़कर, शेष बटन बंद कर दें. END बटन भी बंद कर दिया जाये.

स्टेप 8

# द्वितीय पद के अभ्यर्थियों की संख्या की सेटिंग

- द्वितीय बैलेट यूनिट से द्वितीय पद के प्रथम अभ्यर्थी का क्रमांक (अर्थात् 1) फीड करें.
- अब द्वितीय पद के अंतिम अभ्यर्थी का क्रमांक फीड करें.
- अब सीट संख्या (1) फीड करें.
- अब द्वितीय बैलेट यूनिट का प्रयोग समाप्त हो गया है.

# अब ई.व्ही.एम. मतदान के लिए तैयार है

स्टेप 9

# मतदान

- कंट्रोल यूनिट का **बैलेट बटन** दबाकर बैलेट जारी करें.
- बैलेट यूनिट पर मनचाहे उम्मीदवार के सामने का स्विच दबाकर वोट करें.
- दूसरे बैलेट यूनिट पर स्विच दबाने पर लंबी बीप की आवाज सुनाई देगी.
- मतदान की कार्यवाही पूरी हुई. अब पुनः कंट्रोल यूनिट का बैलेट बटन दबाकर नया बैलेट जारी करें.
- इस प्रकार प्रत्येक उम्मीदवार को कम से कम 03 वोट डालें.

## स्टेप 10

# अण्डरवोट

- कंट्रोल यूनिट का **बैलेट बटन** दबाकर बैलेट जारी करें.
- बैलेट यूनिट पर मनचाहे उम्मीदवार के सामने का स्विच दबाकर वोट करें.
- **दूसरे बैलेट यूनिट पर किसी भी उम्मीदवार को वोट नहीं करें. लंबी बीप की आवाज सुनाई नहीं देगी और कंट्रोल यूनिट का लेम्प बिजी दिखाई देगा.**
- यह अण्डरवोट की स्थिति है.
- कंट्रोल यूनिट का पावर बटन ऑफ कर पुनः ऑन करें.
- मशीन अगला बैलेट जारी करने के लिए तैयार है.

# स्टेप 11

## टोटल चेक करना

- कंट्रोल यूनिट का **टोटल बटन** दबाएं.
- यह बटन तब ही दबाना चाहिए जबकि कंट्रोल यूनिट का लेम्प बिजी नहीं हो.
- कंट्रोल यूनिट पर डाले गए मतों की कुल संख्या दिखाई देगी.



# मतदान क्लोज़ करना

- कंट्रोल यूनिट के रिजल्ट सेक्शन में स्थित **क्लोज़ बटन** को दबाएं.
- **इसके लिए रिजल्ट सेक्शन को नहीं खोला जाना चाहिए. बाहर से ही यह कार्यवाही की जानी चाहिए.**
- अब मतदान समाप्त हो गया है. इसके बाद बैलेट जारी नहीं किया जा सकता.






# स्टेप 13

## मतों की गणना

- कंट्रोल यूनिट के रिजल्ट सेक्शन में स्थित **रिजल्ट–1 बटन** को दबाएं.
- **इसके लिए रिजल्ट सेक्शन को नहीं खोला जाना चाहिए. बाहर से ही यह कार्यवाही की जानी चाहिए.**
- अब कंट्रोल यूनिट बारी–बारी से उम्मीदवारों को प्राप्त मत प्रदर्शित करेगी, इसे नोट कर लें.
- मतगणना की कार्यवाही समाप्त हुई.

# स्टेप 14

## वास्तविक मतदान के लिए ई.व्ही.एम. को तैयार करना

- C-R-C  प्रक्रिया पूरी कर मशीन को वास्तविक मतदान के लिए क्लियर करें.
- कन्ट्रोल यूनिट को विहित प्रक्रिया अनुसार सील करें.
- ई.व्ही.एम. वास्तविक मतदान के लिए तैयार है.

# एड्रेस टैग
# कंट्रोल यूनिट

| क्र. | अवस्थिति | उत्तरदायित्व | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | केंड सेट सेक्शन आंतरिक भाग पर. | RO | कमीशनिंग |
| 2. | केंड सेट सेक्शन बाह्य भाग पर. | RO | |
| 3. | रिजल्ट सेक्शन आंतरिक भाग पर स्पेशल टैग. | PO | मॉकपोल |
| 4. | रिजल्ट सेक्शन बाह्य भाग पर एड्रेस टैग. | PO | |
| 5. | कैरिंग कैस के दायी ओर बायी ओर. | RO/PO | मतदान समाप्ति |

# एड्रेस टैग
## बैलेट यूनिट

| क्र. | अवस्थिति | उत्तरदायित्व | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | मतपत्र स्क्रीन पर धागे के साथ अन्दर की ओर | RO | कमीशनिंग |
| 2. | बैलेट यूनिट के ऊपर की सिटकनी पर | | |
| 3. | बैलेट यूनिट के नीचे की सिटकनी पर | | |
| 4. | कैरिंग कैस के दायी ओर बायी ओर | PO | मतदान समाप्ति |

# सील
# कंट्रोल यूनिट

| क्र. | सील का प्रकार | अवस्थिति | उत्तरदायित्व | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बैंगनी सील | कन्ट्रोल यूनिट के मध्य भाग पर | DEO | FLC |
| 2. | हरी पत्र मुद्रा | रिजल्ट सेक्शन पर | PO | मॉकपोल |
| 3. | एबीसीडी स्ट्रिप सील | रिजल्ट सेक्शन के बाह्य भाग पर | PO | मॉकपोल |

# सील

## बैलेट यूनिट

| क्र. | सील का प्रकार | अवस्थिति | उत्तरदायित्व | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | भूरी सील | बैलेट यूनिट के निचले भाग पर | RO | कमीशनिंग |

# महत्वपूर्ण डिस्प्ले और अर्थ

## Link Error-1

जब सीयू और बीयू के कनेक्शन में त्रुटि हो अथवा बीयू का स्लाइड स्विच सही क्रम में सेट नहीं हो अथवा बैटरी पावर कम हो तो यह डिस्प्ले दिखता है.

## Press Error-1

यदि कंट्रोल अथवा बैलेट यूनिट का बटन/स्विच दबा रह गया हो तो यह डिस्प्ले दिखता है.

# महत्वपूर्ण डिस्प्ले और अर्थ

## **Memory Changed**

यह डिस्प्ले डी.एम.एम. के बदलने पर दिखाई देता है. यदि कमीशनिंग करना है तो **Clear**-Invalid Operation-**Cand.set** की कार्यवाही एक साथ करना होगी.

## **Invalid operation**

यदि बटन को निर्धारित क्रम में (जैसे C-R-C) नहीं दबायें जायें तो यह डिस्प्ले दिखता है.

# महत्वपूर्ण डिस्प्ले और अर्थ

## Tampered

यह डिस्प्ले ई.व्ही.एम. के साथ छेड़छाड़ होने पर दिखता है. ऐसी स्थिति में ई.व्ही.एम. को चुनाव के लिए उपयोग में नहीं लाया जा सकता.

## Security not Configured

ई.व्ही.एम. में आंतरिक खराबी होने पर यह डिस्प्ले दिखता है. ऐसी स्थिति में ई.व्ही.एम. को चुनाव के लिए उपयोग में नहीं लाया जा सकता.

# ई.व्ही.एम.
# व्यवहारिक प्रशिक्षण

## मतदान दलों के लिए विशेष

**स्टेप 1**

# ई.व्ही.एम. की जाँच

- CU, BU और DMM के नम्बर नोट करें.
- BU पर लगे मतपत्र का प्ररूप–10 और निविदत्त मतपत्र से मिलान करें.
- BU के स्लाईड स्विच चैक करें कि वह सही स्थान पर है.
- पावर बटन ऑन कर बैटरी का स्टेटस चैक करें, बैटरी स्टेटस हाई होना चाहिए.

**<u>स्टेप 2</u>**

# मॉकपोल की तैयारी

- CU के साथ प्रथम BU को कनेक्ट करें.
- प्रथम BU के साथ द्वितीय BU को कनेक्ट करें.
- पावर बटन ऑन करें.

# स्टेप 3

# C-R-C

- कंट्रोल यूनिट के रिजल्ट सेक्शन को खोलें.
- **Close** बटन दबायें और **Poll Closed** डिस्प्ले की प्रतीक्षा करें.
- अब **Result-1** बटन दबायें और **END** डिस्प्ले की प्रतीक्षा करें.
- अब **Clear** बटन दबायें और **END** डिस्प्ले की प्रतीक्षा करें.
- अब ई.व्ही.एम. मॉकपोल के लिए तैयार है.

## स्टेप 4

# मॉकपोल

- कंट्रोल यूनिट का **बैलेट बटन** दबाकर बैलेट जारी करें.
- बैलेट यूनिट पर मनचाहे उम्मीदवार के सामने का स्विच दबाकर पोलिंग एजेन्ट से वोट करायें.
- दूसरे बैलेट यूनिट पर स्विच दबाने पर लंबी बीप की आवाज सुनाई देगी.
- मतदान की कार्यवाही पूरी हुई. अब पुनः कंट्रोल यूनिट का बैलेट बटन दबाकर नया बैलेट जारी करें.
- इस प्रकार प्रत्येक उम्मीदवार को पोलिंग एजेन्ट की संतुष्टि अनुसार वोट डलवाये.

**स्टेप 5**

# मॉकपोल – मतों की गणना

- **क्लोज बटन** दबाकर मॉकपोल समाप्त करें.
- **रिजल्ट–1 बटन** दबाकर पोलिंग एजेन्ट को मॉकपोल के परिणाम से अवगत करायें.
- पोलिंग एजेन्ट के संतुष्ट होने पर **क्लियर बटन** दबाकर मॉकपोल का डाटा क्लियर करें.

**स्टेप 6**

# वास्तविक मतदान के लिए कन्ट्रोल यूनिट की सीलिंग

- **ग्रीन पेपर सील** लगायें.
- **स्पेशल टैग** लगायें.
- ABCD **आऊटर स्ट्रिप सील** लगायें.
- रिजल्ट सेक्शन पर एड्रेस टैग लगायें.
- **क्लोज बटन** का कवर बंद करें.
- अब ई.व्ही.एम. वास्तविक मतदान के लिए तैयार है. मतदाता की पहचान कर बैलेट जारी करें.

**नोट– टैग और सील पर पोलिंग एजेन्ट को हस्ताक्षर करने का मौका अवश्य दें.**


# अण्डर वोट की स्थिति

- प्रत्येक मतदाता को 02 वोट डालना है, यदि कोई मतदाता केवल 01 वोट डालकर बाहर निकल जाता है तो CU पर बिजी लैंप जलता रहेगा और अगले मतदाता को बैलेट जारी नहीं किया जा सकेगा. यह अण्डर वोट की स्थिति है.

- ऐसी स्थिति में पॉवर बटन ऑफ कर फिर से ऑन करें. इस प्रकार ई.व्ही.एम. अगले मतदाता को वोट जारी करने के लिए तैयार हो जायेगी.

# टोटल चेक करना


- कंट्रोल यूनिट का **टोटल बटन** दबाएं.
- यह बटन तब ही दबाना चाहिए जबकि कंट्रोल यूनिट का लेम्प बिजी नहीं हो.
- कंट्रोल यूनिट पर डाले गए मतों की कुल संख्या दिखाई देगी.



# मतदान क्लोज़ करना

- कंट्रोल यूनिट के रिजल्ट सेक्शन में स्थित **क्लोज़ बटन** के कवर को हटायें.
- अब ऊपर से ही **क्लोज बटन** दबायें.
- अब मतदान समाप्त हो गया है. इसके बाद बैलेट जारी नहीं किया जा सकता.
- **क्लोज बटन दबाने के लिए किसी भी स्थिति में रिजल्ट सेक्शन को नहीं खोला जाना चाहिए.**





# मतदान के लिए कन्ट्रोल यूनिट को सीलबंद करना

स्पेशल टैग, ग्रीन पेपर सील और
ABCD आऊटर स्ट्रिप सील लगाना

# ग्रीन पेपर सील का लगाया जाना – 1

- ग्रीन पेपर सील लगाने के लिए कंट्रोल यूनिट के परिणाम सेक्शन के आन्तरिक कक्ष पर एक फ्रेम उपलब्ध है.
- फ्रेम पर ग्रीन पेपर सील को इस तरह से लगाया जाये कि बाहरी तरफ से उसका हरा हिस्सा छेदो में से दिखाई दे.
- पेपर सील लगाये जाने के पश्चात् आन्तरिक कक्ष के द्वार को दबा कर इस तरह बन्द किया जाना चाहिए कि पेपर सील के दोनों किनारे आन्तरिक कक्ष के किनारों से बाहर निकले रहें, जैसा की नीचे चित्र में दिखाया गया है.

# ग्रीन पेपर सील का लगाया जाना – 2




# स्पेशल टैग

- ग्रीन पेपर सील लगाने के बाद परिणाम खण्ड के भीतरी दरवाजे को स्पेशल टैग से सील कर दें.
- स्पेशल टैग को क्लोज सेक्शन में इस तरह से जमा दें कि, स्पेशल टैग का कटा हुआ भाग क्लोज़ बटन के ऊपर फिट हो जाये और क्लोज बटन दिखता रहे.

# एड्रेस टैग – 1

- कंट्रोल यूनिट के परिणाम सेक्शन के आन्तरिक कक्ष को बन्द कर सील करने के पश्चात् परिणाम सेक्शन के बाहरी कवर को बंद कर दें.
- बाहरी कवर को बंद करने के लिए दबाये जाने के पूर्व यह सुनिश्चित करें कि ग्रीन पेपर सील के दो खुले सिरे बाहरी कवर के दोनों किनारों के बाहर की ओर भी निकले रहें.
- परिणाम सेक्शन के बाहरी कवर को बंद करने के पश्चात् उस कवर को एड्रेस टैग लगाकर, जैसा रिटर्निंग आफिसर के स्तर पर कैंडिडेट सैट 'सेक्शन' में लगाया गया है, चित्रानुसार मुहरबन्द किया जाना चाहिए.

# एड्रेस टैग – 2




# ABCD ऑऊटर स्ट्रिप सील – 1

- स्ट्रिप सील के दोनों सिरों पर चार स्टीकर लगे हुये हैं जिस पर A, B, C और D अंकित है. प्रत्येक स्टीकर वाला हिस्सा वेक्स पेपर से ढका होगा.
- नीचे की तरफ निकल रहे ग्रीन पेपर सील को चित्रानुसार दो बार मोड़े ताकि हरा रंग बाहर प्रदर्शित रहे.




# ABCD ऑऊटर स्ट्रिप सील – 2

- अब स्ट्रिप सील को ग्रीन पेपर सील के नीचे की परत के पास स्वतः चिपकने वाले भाग A के साथ निम्नानुसार रखे.




# ABCD ऑऊटर स्ट्रिप सील – 3

- A भाग को चिपकाने के बाद, स्टीकर वाले B भाग के ऊपर से भी वेक्स पेपर को हटा दें. इस B भाग को ग्रीन पेपर सील की बाहरी परत पर दबा दें। B भाग को ग्रीन पेपर सील के ऊपर चिपकाने के बाद भाग C ऊपर की स्थिति में आ जायेगा.



# ABCD ऑऊटर स्ट्रिप सील – 4


- अब C भाग के ऊपर लगे वेक्स पेपर को निकाल दें और उसके ऊपर ग्रीन पेपर सील के ऊपरी हिस्से को मोड़कर नीचे कर इस तरह से दबाये कि, ग्रीन पेपर सील का आंतरिक हरा भाग, C भाग के ऊपर पूर्णतः चिपक जाये.




# ABCD ऑऊटर स्ट्रिप सील – 5

- अब स्ट्रिप सील के बचे हुए भाग को कंट्रोल यूनिट के बॉयीं तरह इस तरह से घुमायें कि, वह क्लोज बटन के नीचे से निकले. स्ट्रिप सील के दूसरे सिरे को कंट्रोल यूनिट के दायीं तरफ से बाहरी दरवाजे के ऊपरी तरफ से लाये जहाँ स्टीकर A, B, C चिपकाये गये है.
- स्टीकर D के ऊपर से वेक्स पेपर हटायें और उसे ग्रीन पेपर सील जो कि C भाग पर चिपकी हुई है, के ऊपर दबा दें.
- इस प्रकार परिणाम खण्ड इस तरह सील हो जाता है कि सील को नुकसान पहुँचाये बगैर उसे खोला नहीं जा सकता.

# ABCD ऑऊटर स्ट्रिप सील – 6



# डी.एम.एम. की सीलिंग

# डी.एम.एम. सीलिंग सामग्री

डी.एम.एम.
सील (DMM)






# डी.एम.एम. सीलिंग प्रक्रिया

1. कंट्रोल यूनिट से डी.एम.एम. को निकाल कर एक छोटी प्लास्टिक की डिब्बी में बंद करें.
2. डी.एम.एम. सील के निर्धारित स्थान पर मतगणना से संबंधित प्रविष्टियां दर्ज करें.
3. डी.एम.एम. सील के पृष्ठ भाग से ″डी“ स्टीकर को हटाकर उसे छोटी प्लास्टिक की डिब्बी पर चिपकाने के बाद डी.एम.एम. सील को डिब्बी के चारों ओर इस तरह लपेटें कि, अग्र भाग के ″एम“ स्थान पर पृष्ठ भाग के अंतिम सिरे पर अंकित ″एम“ आकर चिपक जाये.
4. अतिरिक्त सुरक्षा के लिए इस डिब्बी के चारों ओर रबरबैण्ड लपेटें.

# डी.एम.एम. सीलिंग प्रक्रिया

5. सीलबंद छोटी प्लास्टिक की डिब्बी को एक लिफाफे में बंद करें.
6. लिफाफे पर मतदान केन्द्र एवं मतगणना से संबंधित प्रविष्टियां दर्ज करें.
7. उक्त लिफाफे को चपड़ी से सीलबंद कर सहायक रिटर्निंग अधिकारी सीलिंग द्वारा हस्ताक्षर किये जायें.

# डी.एम.एम. सीलिंग प्रक्रिया

8. लिफाफे को मध्यम आकार की प्लास्टिक की डिब्बी में रखें. प्लास्टिक की डिब्बी के ऊपर निर्वाचन क्षेत्र एवं मतदान केन्द्र से संबंधित प्रविष्टियां कर गम एड्रेसटेग चिपकायें.
9. अतिरिक्त सुरक्षा के लिए डिब्बी के चारों और सेलोटेप चिपकाएँ.
10. मध्यम आकार की 10 प्लास्टिक की डिब्बीयों को बड़े आकार के प्लास्टिक के डिब्बे में रखें. प्लास्टिक के डिब्बे पर गम एड्रेस टेग चिपकाकर निवार्चन क्षेत्र एवं मतदान केन्द्र के विवरण दर्ज करें.
11. अतिरिक्त सुरक्षा के लिए डिब्बे के चारों और सेलोटेप चिपकाएँ.

# धन्यवाद